JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

2021/04/354–प्रेस विज्ञप्ति दिनांक : 15.04.2021

रात्रि कालीन कर्फ्यू के दौरान
जयपुर मेट्रो ट्रेन सेवाएं
16 अप्रेल 2021 से सांय 05:30 बजे तक।

जयपुर 15 अप्रैल। जयपुर जिले में (COVID-19) कोरोना संक्रमण की अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना में जयपुर शहर में शाम 06:00 बजे से प्रातः 05:00 बजे तक रात्रि कालीन कर्फ्यू लगाया गया है। इस रात्रि कालीन कर्फ्यू के दौरान सभी बाजार, कार्य स्थल एवं व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बंद रहेगें।

इसके मद्येनजर जयपुर मेट्रो ने अपने परिचालन समय में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 16.04.2021 से मेट्रो ट्रेनों का संचालन प्रातः 06:20 से शाम 05:30 बजे तक कर दिया गया है। जिसके तहत् बड़ी चौपड़ से मानसरोवर तथा मानसरोवर से बड़ी चौपड़ के लिए अन्तिम मेट्रो ट्रेन शाम 05:30 बजे चलेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि मेट्रो परिचालन की यह व्यवस्था राज्य सरकार के आगामी आदेशों तक बनी रहेगी तथा इस आंशिक परिर्वतन के अलावा ट्रेनों का संचालन यथावत रहेगा। मेट्रो में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है। इसकी निगरानी और मेट्रो में यात्रा के दौरान स्वीकृत स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को शत–प्रतिशत लागू करने हेतु मेट्रो कर्मचारी एवं मेट्रो पुलिस तैनात रहेगें। जयपुर मेट्रो प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस (COVID-19) रोग की रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त निर्देशों की सख्ती से पालना की जायेगी, तथा बिना मास्क के यात्रा नहीं की जा सकेगी। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के नियमो की पालना का भी ध्यान रखा जायेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी